हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

11 न्यायमूर्ति अलका सरीन ने हिसार, हांसी व नारनौंद...




12 100 मीटर रेस में मनोज और लक्ष्मी प्रथम



## खबर संक्षेप

### न्यूरो सर्जन से जुड़े बैंक खाते सील करवाए

**हिसार।** आयकर विभाग की टीमों ने शुक्रवार को भी शहर की वरिष्ठ न्यूरो सर्जन के आवास तथा उनके अस्पतालों पर सर्वे की कार्रवाई जारी रखी। टीम ने न्यूरो सर्जन से जुड़े विभिन्न बैंकों के खाते सील करवाए हैं। सर्वे के कार्रवाई के दौरान न्यूरो सर्जन के रिश्तेदारों तथा विश्वासपत्रों से भी पूछताछ की बात सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान टीम को ईसीएचएस कार्ड के तहत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को दिए जाने वाले उपचार में फर्जीवाड़े की बात सामने आई है। बता दें कि बुधवार को आयकर विभाग की टीमों ने सुबह 6 बजे न्यूरो सर्जन के आवास तथा उनके अस्पतालों पर एक साथ सर्वे की कार्रवाई शुरू की थी।

### भूमि आश्रम में कीर्तन और होली मिलन समारोह 1 को

**हिसार।** भूमि आश्रम में 1 मार्च को सायं 4 बजे से 8 बजे तक खाटू श्याम बाबा का भव्य कीर्तन एवं होली मिलन समारोह होगा। आश्रम के संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तजन श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

### आदमपुर में श्रीश्याम निशान शोभा यात्रा कल

**आदमपुर।** श्रीश्याम मित्र मंडल एवं श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक मार्च को श्रीश्याम निशान व भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग एवं अमित गोयल ने बताया कि शोभा यात्रा को आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी कृष्णा भाटी करेंगी।

### 29 बेसहारा पशु पकड़कर गो-अभ्यारण भिजवाए

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने मिर्जापुर रोड़, गीता कॉलोनी, रामनगर, आजाद नगर, साउथ बाइपास, कैमरी रोड, कृष्णा नगर से 29 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो-अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस की टीम भी मौजूद रही।

### श्री श्याम होली महोत्सव कल लोहा मंडी में

**हिसार।** जयश्री श्याम मंडल हिसार का श्री श्याम होली महोत्सव एक मार्च रविवार को शिव मंदिर के नजदीक लोहा मंडी में पूर्ण हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक रविन्द्र सिंगल व अमित सिंगल ने बताया कि इस होली महोत्सव में विख्यात गायक श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे जिनमें कपिल जिंदल हिसार, गोविन्द असीजा हिसार, सुरेन्द्र सिंगल हिसार, संजय सोनी हिसार तथा मुकेश राही फतेहाबाद शामिल हैं।

## नगर निगम की फाइनेंस, कॉन्ट्रेक्ट एवं परचेज सब-कमेटी की बैठक में बजट पर हुआ मंथन

# नगर निगम का 281 करोड़ 66 लाख रुपये का बजट तैयार

**करीब 280 करोड़ 88 लाख रुपये विकास और अन्य कार्यों पर होंगे खर्च**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में वित्तीय वर्ष 2026-27 की तैयारियों बारे फाइनेंस, कॉन्ट्रेक्ट एवं परचेज सब-कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शहर के विकास का प्रस्तावित बजट के प्रारूप पर विस्तार से विचार-विमर्श रहा। बैठक की अध्यक्षता सब-कमेटी के चेयरमैन मेयर प्रवीण पोपली ने की, जबकि संचालन निगमायुक्त नीरज ने किया। इस अवसर पर सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा ने विस्तृत बजट प्रस्तुति दी।

> वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 191 करोड़ 24 लाख रुपये की आय का अनुमान

बैठक की शुरुआत निगमायुक्त नीरज ने चालू वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने से हुई। उन्होंने बताया कि निगम की आय के प्रमुख स्त्रोतों में प्रॉपर्टी टैक्स, हाउस टैक्स, विज्ञापन शुल्क, लाइसेंस फीस तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बजट तैयार करते समय शहर की बुनियादी आवश्यकताओं, विकास, स्वच्छता और प्रशासनिक खर्चों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक में नगर निगम के बजट पर चर्चा की गई। अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा ने बताया कि नगर निगम का ओपनिंग बैलेंस लगभग 101 करोड़ रुपये है। एक फरवरी से 31 मार्च तक निगम को करीब 24 करोड़ 40 लाख रुपये की आय हुई, जबकि विकास एवं अन्य कार्यों पर लगभग 35 करोड़ 66 लाख रुपये खर्च किए गए। इस प्रकार एक अप्रैल 2026 तक लगभग 90 करोड़ रुपये का ओपनिंग बैलेंस रहने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 191 करोड़ 24 लाख रुपये आय का अनुमान लगाया गया है। कुल मिलाकर करीब 281 करोड़ 66 लाख रुपये का बजट तैयार किया गया है, जिसमें से लगभग 280 करोड़ 88 लाख रुपये विकास एवं अन्य कार्यों में खर्च किए जाएंगे। अनुमान है कि 31 मार्च 2027 तक लगभग 77 लाख रुपये शेष रहेंगे। बैठक में सब-कमेटी के सदस्य पार्षद डॉ. सुमन यादव और पार्षद ज्योति वर्मा, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, एसओ राधेश्याम, अकाउंटेंट ज्योति आदि मौजूद थे।



### विकास और अन्य कार्यों में खर्च का विवरण

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 280 करोड़ 88 लाख 91 हजार 700 रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसमें से लगभग 140 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए जाने का अनुमान है। इन विकास कार्यों में सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत, नालों की सफाई, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज की व्यवस्था, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार शामिल है। नगर निगम के वेतन, पेंशन आदि कार्यों पर करीब 77 लाख 95 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। स्थापना शाखा द्वारा एलटीसी, मेडिकल क्लेम आदि पर लगभग 6 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। लीगल हायर, वर्कशॉप, बिजली बिल, फोन बिल, पेट्रोल-डीजल, फर्नीचर, प्रिंटिंग, लाइब्रेरी, तहबाजारी और ऑडिट संबंधी खर्चों पर करीब 6 करोड़ 92 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है। स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए करीब 18 करोड़ 70 लाख रुपये खर्च करने का अनुमान है। कार्यालयों के रखरखाव, सीसीटीवी स्थापना, पार्कों और कम्युनिटी सेंटरों की मरम्मत, कंप्यूटर एवं हार्डवेयर रखरखाव तथा स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज रिपेयर पर लगभग 29 करोड़ 65 लाख रुपये खर्च होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त चुनाव खर्च और आवारा कुत्तों के बधियाकरण जैसे अन्य कार्यों के लिए करीब एक करोड़ 61 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। सब कमेटी की बैठक में डाबड़ा चौक से तोशाम रोड़ आईटीआई तक स्टार्म वॉटर लाइन व डिस्पोजल बनाने का प्रस्ताव रखा गया जिस अनुमानित लागत करीब एक करोड 55 लाख आएगा। प्रस्ताव को सब-कमेटी ने प्रस्तुत प्रस्ताव को मंजूर दे दी है।

### नगर सुधार मंडल के बजट पर चर्चा

बैठक में सबसे पहले नगर सुधार मंडल के वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा हुई। अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा ने बताया कि वर्तमान में लगभग 35 करोड़ 43 लाख रुपये का बैलेंस उपलब्ध है। साथ ही चालू अवधि में लगभग 23 लाख रुपये की आय का अनुमान है। 1 फरवरी से 31 मार्च तक नगर सुधार मंडल द्वारा करीब 76 लाख रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए जाने का अनुमान है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में लगभग 66 करोड़ रुपये की आय का अनुमान व्यक्त किया गया है। नगर सुधार मंडल के लिए करीब 100 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित बजट में से लगभग 33 करोड़ 32 लाख रुपये विकास कार्यों पर व्यय किए जाएंगे, जबकि करीब 67 करोड़ 59 लाख रुपये शेष रहेंगे। इस प्रस्ताव पर सब-कमेटी के चेयरमैन एवं सदस्यों ने सहमति जताई। इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि बजट का उद्देश्य केवल आंकड़ों का संतुलन बनाना नहीं, बल्कि शहर के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# नशा तस्करी से जुड़े लोगों के संपर्क में था राहुल

- एचएयू के छात्रों को नशा सप्लाई करने के मामले में खुलासा
- अदालत ने दो दिन के रिमांड पर भेजा, पुलिस करेगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नशा सप्लाई करने के मामले में पकड़े गए युवक से पूछताछ में अहम व चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने स्वीकारा है कि वह नशा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संपर्क में था। अब पुलिस अपनी जांच का दायरा बढ़ाएगी। सूत्रों का कहना है कि यदि पुलिस गहराई से जांच करे तो न केवल गिरोह से जुड़े अन्य सदस्य पकड़ में आ सकते हैं बल्कि यह भी पता लग सकता है कि कितने विद्यार्थी इससे नशा खरीद रहे थे। पुलिस ने हकृवि विद्यार्थियों को नशा सप्लाई करने के आरोप में पकड़े गए भिवानी जिले के रोढ़ां गांव निवासी राहुल को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगा। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संपर्क में था। उसके इस खुलासे के बाद पुलिस टीम उन अन्य नशा तस्करों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है, जो विश्वविद्यालय क्षेत्र में छात्रों को नशीले पदार्थ सप्लाई करने के कार्य में संलिप्त हैं।

### हेरोइन सहित पकड़ा था आरोपी

ज्ञात रहे कि पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने हकृवि के अरावली हॉस्टल में रह रहे भिवानी जिले के रोढ़ां निवासी राहुल को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी राहुल पीरांवाली गांव से नशीला पदार्थ हेरोइन लाकर यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों को बेचता था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर काबू कर उसके कब्जे से 8 ग्राम 540 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की थी। उधर, पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसके तहत विद्यार्थियों सहित युवाओं व आम नागरिकों को नशे न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने चेताया है कि किसी भी स्तर पर नशा तस्करी में संलिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कार-बाइक टकराई, दो की मौत

- अग्रोहा के पास हुआ हादसा, दो लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के अग्रोहा के पास कार व बाइक के बीच हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य युवक घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि कैमरी निवासी संजय अपने दोस्त ऋषि नगर निवासी रविंदर और दो अन्य दोस्तों के साथ कुलेरी के एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। शुक्रवार दोपहर संजय और उसका दोस्त रविंद्र वहीं कुलेरी में रुक गए और उनके साथ आए उनके दोस्त किसी अन्य के साथ गाड़ी में बैठकर हिसार के लिए चले गए। शाम को करीब 4 बजे संजय व रविंदर गांव कुलेरी निवासी प्रवीण और पीके उर्फ विनोद गाड़ी में सवार होकर कुलेरी से अग्रोहा की तरफ आ रहे थे। गांव मीरपुर मोड पर गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। स्पीड तेज होने से गाड़ी पलट कर पेड़ से टकराई और उछलकर अग्रोहा से कुलेरी की तरफ है जा रहे बाइक सवार साहू निवासी प्रमोद व उसकी पत्नी और बच्चे से जा टकराई। बाइक उछलकर दूर जा गिर गया और बाइक सवार सभी घायल हो गए। गाड़ी की स्पीड तेज होने से इसके सभी एयरबैग खुल गए, जिससे गाड़ी में बैठे दो युवक बच गए, जबकि कैमरी निवासी 42 वर्षीय संजय व ऋषि नगर निवासी 38 वर्षीय रविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने सभी को गाड़ी से बाहर निकाला और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां डॉक्टर ने जांच पड़ताल के बाद कैमरी निवासी संजय और ऋषि नगर निवासी रविंद्र को मृत घोषित कर दिया। घायल पीके उर्फ विनोद को परिजन हिसार के निजी अस्पताल में लेकर गए। अग्रोहा पुलिस ने आकर दोनों मृतकों के शव को अग्रोहा मेडिकल की पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया जिनका शनिवार को पोस्टमार्टम में किया जाएगा।



### दंपति व बच्चा घायल

उधर, बाइक सवार गांव साहू निवासी प्रमोद, उसकी पत्नी और बच्चे को भी परिजन हिसार के अस्पताल में उपचार के लिए ले गए हैं। गाड़ी पलट कर पेड़ से टकराई और उसके बाद बाइक को टक्कर मारी। बताया जा रहा है कि गांव साहू निवासी प्रमोद गांव खाराखेड़ी से अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर बाइक पर अग्रोहा होते हुए कुलेरी की तरफ से अपने गांव साहू जा रहा था। रास्ते में मीरपुर मोड पर गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे दंपति और उनका बच्चा घायल हो गया।

### हिसार का पारा 32.7° प्रदेश में सबसे ज्यादा

**हिसार।** फरवरी में ही गर्मी का अहसास होने लगा है। अधिकतम पारा लगातार नई ऊंचाई छूने में लगा है। शुक्रवार को दिन पारा 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि प्रदेश में सबसे ज्यादा है। शुक्रवार हिसार इस सीजन में सबसे गर्म रहा। यह सामान्य से 6.3 डिग्री ज्यादा है। बढ़ते पारे में किसानों की टेंशन बढ़ा दी है। तेजी से बढ़ता तापमान गेहूं की फसल के प्रतिकूल माना जा रहा है। उधर, हकृवि कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 4 मार्च तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान दो पश्चिमीविक्षोभ आने की संभावना है परंतु दोनों ही कमजोर है जिसके कारण बारिश की ज्यादा संभावना नहीं बन रही है। इस दौरान पहला पश्चिमी विक्षोभ जिसके आंशिक प्रभाव से 28 फरवरी व 1 मार्च को राज्य में कहीं कहीं आंशिक बादल तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है तथा दूसरा पश्चिमीविक्षोभ 3 मार्च रात्रि को आने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से 4 मार्च को मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में हवाओं में बदलाव आने की संभावना है। इस दौरान तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होने की संभावना है।

# व्यापारियों को अगवा कर लूटपाट

- 4 घंटे तक बंधक बनाकर पीटा, 80 हजार रुपये और भैंस छीनी, पुलिस ने 48 घंटे में पांच आरोपियों को पकड़कर कोर्ट में किया पेश, रिमांड पर लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सैनीपुरा फ्लाईओवर के पास गोरक्षा के नाम पर तीन भैंस व्यापारियों के साथ बर्बरता और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें 4 घंटे तक बंधक बनाकर पीटा और उनसे 80 हजार रुपये व एक भैंस छीन ली। शहर थाना पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 48 घंटे में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना 24 फरवरी को सुबह लगभग साढ़े तीन बजे की है। उत्तर प्रदेश के तीनों व्यापारी श्रीगंगानगर से भैंस खरीदकर अपने वाहन से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे हांसी स्थित सैनीपुरा फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार युवकों ने हथियारों के बल पर उनकी गाड़ी को रुकवा लिया। भैंस व्यापारियों के अनुसार स्कॉर्पियो सवार युवकों ने खुद को गोरक्षा दल का सदस्य बताते हुए खरीदे गए पशुओं के कागजात और अन्य जानकारी मांगी। व्यापारियों ने अपने दस्तावेज दिखाए, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद हथियारबंद युवक उन्हें जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर भिवानी की ओर ले गए। और तिगड़ाना मोड़ के समीप एक सुनसान जगह पर उन्हें बंधक बना कर उनके साथ मारपीट कर करीब 80 हजार रुपये छीने और गाड़ी से भैंस को उतार लिया। व्यापारियों ने बताया किसी तरह आरोपितों के चंगुल छूटने के बाद उन्होंने भिवानी पुलिस को सूचना दी। लेकिन भिवानी पुलिस ने मामला हांसी शहर थाना क्षेत्र का बता उन्हें हांसी भेज दिया। उन्होंने हांसी शहर थाना पहुंच शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर 5 आरोपियों को काबू कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।



### टीमें गठित कर की कार्रवाई

मामले में शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उत्तरप्रदेश निवासी मुकिम द्वारा 25 फरवरी को शहर थाना में लिखित शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके टीमें गठित की गई। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस बास खुर्द निवासी धीरेन्द्र, निमड़ी निवासी अनुज, मिर्जापुर (सोनीपत) निवासी सोमबीर, प्रहलाद गढ़ (भिवानी) निवासी मनोज उर्फ मोनू व प्रेम नगर (भिवानी) निवासी मंजीत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### पंचायत कार्यों में गड़बड़ी के मामले में हुई कार्रवाई

# कैमरी और शिकारपुर के ग्राम सचिवों व जेई को दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंचायती राज विभाग ने गांव कैमरी तथा शिकारपुर में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं के चलते संबंधित ग्राम सचिवों और कनिष्ठ अभियंता (जेई) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभाग के एसडीएम द्वारा नोटिस में तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। नोटिस के अनुसार ग्राम पंचायत शिकारपुर में करीब 8 लाख रुपये के मिट्टी भरत कार्यों की मापक पुस्तिकाएं बिना तकनीकी स्वीकृति के हस्ताक्षर के लिए भेजी गईं। विभाग ने इसे नियमों का सीधा उल्लंघन माना है।

ग्राम पंचायत कैमरी में विकास कार्यों की मापक पुस्तिकाएं और बिल अधूरे दस्तावेजों के साथ हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत किए गए। इन बिलों के साथ न तो तकनीकी स्वीकृति संलग्न थी और न ही प्राक्कलन, कोटेशन तथा टेस्टिंग रिपोर्ट दी गई थी। इसके अलावा कई बिल 6 से 10 माह पुराने होने के बावजूद अब स्वीकृति के लिए भेजे गए और उन्हें किसी तृतीय व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जो नियमों के विपरीत माना गया है।

एसडीओ ने नोटिस में स्पष्ट किया कि संबंधित विकास कार्यों की तकनीकी स्वीकृति उनके कार्यालय से नहीं ली गई थी। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले से अवगत करवाते हुए दोनों पंचायतों के सरपंचों को निर्देश दिए हैं कि तकनीकी स्वीकृति, पंचायत प्रस्ताव और बिल सहित पूरा रिकॉर्ड कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि जांच कर तकनीकी प्री-ऑडिट किया जा सके।

### पटेल नगर में चोरी का आरोपी काबू

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने पटेल नगर स्थित घर में चोरी की वारदात करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के खगड़िया जिले के सैदपुर निवासी दिलीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में पटेल नगर निवासी संजय ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह 24 फरवरी को अपने घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। वापिस लौटने पर उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। किसी ने उसके घर से 4 सोने की अंगूठियां, 1 गलसरी, एक मोबाइल फोन व लगभग 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके पुलिस ने छानबीन करते हुए आरोपी दिलीप कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि चोरी किए गए सामान की बरामदगी की जा सके। इसके अलावा इस मामले में संलिप्त व्यक्तियों के बारे में भी पुलिस पूछताछ करेगी।

# राजथल में नशा बेचने वालों के मकानों पर चला पीला पंजा



**नारनौंद।** राजथल में अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी, साथ है थाना प्रभारी रमेश कुमार।

- सारा सामान बाहर निकलवाकर तोड़ा मकान, नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

गांव राजथल में नशे का कारोबार में शामिल आरोपितों के मकानों पर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन द्वारा पीला पंजा चलाकर तोड़ा गया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर खंड कृषि अधिकारी पवन कुमार को नियुक्त किया गया। नशे के कारोबार में संलिप्त राजथल निवासी आरोपित शमशेर और बिट्टू के मकान 134.5 वर्ग गज जो इसने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था। कब्जे को हटाने के लिए पैमाइश करवाकर नोटिस भेजा गया था लेकिन उन्होंने मकान से कब्जा नहीं हटाया। शुक्रवार को मकान तोड़ने के लिए थाना प्रभारी रमेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर पहुंच गए। घर में रखा हुआ सारा सामान बाहर निकलवा कर मकान को तोड़ दिया गया। नशे के कारोबार में शामिल अन्य लोगों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में वह इस कारोबार को बंद कर दे अन्यथा ऐसी ही कार्रवाई करके मकानों को तोड़ दिया जाएगा।

इस संबंध में थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि दो मकानों को तोड़ दिया गया है। नशे के कारोबार में शामिल लोगों को चेतावनी दी है कि वह इस कारोबार को बंद कर दे अन्यथा भविष्य में ऐसी कार्रवाई करके उनके साथ भी ऐसा ही काम किया जाएगा। अवैध नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा हैं।

**रोष** पड़ाव क्षेत्र में डेढ़ माह से हो रही गंदे पानी की सप्लाई से परेशान महिलाओं ने लगाया आरोप

# गंदा पानी पिलाकर मारना चाहते हैं अधिकारी, नहीं दे रहे ध्यान

- गुस्साए लोगों ने जाम लगाकर की केस दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के पड़ाव चौक क्षेत्र के यादव गली व प्रताप नगर में पिछले लगभग डेढ़ माह से पीने के पानी में गंदगी आ रहे हैं। क्षेत्रवासी परेशान है वहीं अनेक लोगों के बीमार होने का भी समाचार है।

बार-बार अवगत करवाने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जब ध्यान नहीं दिया तो क्षेत्रवासियों का धैर्य जवाब दे गया और गुस्साए लोगों ने शुक्रवार दोपहर को जाम लगाकर नारेबाजी की।

इस दौरान मौके पर पहुंचे वार्ड 2 के पार्षद को भी महिलाओं के गुस्से का शिकार होना पड़ा। महिलाओं ने उनका घेराव कर लिया और कहा कि उनकी समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़ाव चौक क्षेत्र के यादव गली और प्रताप नगर (वार्ड नंबर 6) में पिछले डेढ़ महीने से पीने के पानी में गंदगी की शिकायतें बनी हुई हैं। वार्ड नंबर 2 के एरिया में पिछले एक हफ्ते से तो सीवरेज का गंदा पानी ही सप्लाई हो रहा है। बुजुर्गों और बच्चों के बीमार पड़ने की खबरें लगातार आ रही हैं। बार-बार अवगत करवाने के बावजूद भी जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। इसी से गुस्साई महिलाओं व अन्य क्षेत्रवासियों ने दोपहर को एक घंटे का सांकेतिक जाम लगाकर अपनी समस्या सरकार और प्रशासन तक पहुंचाई। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया और लापरवा अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की मांग की।



**हिसार।** पेयजल समस्या को लेकर जाम लगाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### जाम लगाकर किया पार्षद का घेराव

महिलाओं के जाम के दौरान वार्ड नंबर 2 के पार्षद मोहित सिंघल मौके पर पहुंचे। गुस्साई महिलाओं ने उनका घेराव कर लिया। उन्होंने पार्षद से तुरंत पीने के पानी की समस्या हल करने की मांग की। पार्षद ने फोन करके मौके पर अधिकारियों को बुलाया लेकिन वो काफी देर तक नहीं पहुंचे। महिलाओं का कहना था कि बच्चे-बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं। अब चुप नहीं बैठेंगे। पार्षद ने आश्वासन दिया कि जल्द समाधान होगा। गुस्साई महिलाओं व अन्य क्षेत्रवासियों ने कहा कि बार-बार अवगत करवाने पर भी समस्या का समाधान न करना विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का जीता जागता सबूत है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों पर गंदा पानी पिलाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर केस दर्ज करवाने के लिए लिखित में शिकायत दी है।



# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

लाइफ Style



# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

हॉलीवुड मसाला



## वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।



## रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



## अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



## वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

टीवी मसाला



## कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।



## भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।

## जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी



**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।

### रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** *: मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** *: सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित

**हांसी।** सिंचाई विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी राजेंद्र कुमार के सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के कर्मचारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के जेई विवेक व रविन्द्र कुमार सहित हांसी ब्रांच प्रधान अशोक यादव, संदीप फौजी, बलजीत जमावडी, तुलसीदास, केएल ग्रोवर, उमेद , अंकुश, रविन्द्र, विक्रम आदि मौजूद रहे। इस अवसर ब्रांच प्रधान अशोक यादव ने बताया कि राजेंद्र ने 41 वर्षों तक सिंचाई विभाग में नौकरी करते हुए ईमानदारी से कार्य किया।

### कैबिनेट मंत्री गंगवा ने कृषि मंत्री को लिखा पत्र

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से बरवाला सब्जी मंडी के विस्तार तथा पेयजल व सीवरेज प्रणाली के उन्नयन का अनुरोध किया है। कृषि मंत्री व विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखे एक पत्र के माध्यम से उन्होंने अवगत करवाया है कि वर्तमान सब्जी मंडी बरवाला कस्बे और आसपास के गांवों के लोगों की जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। इस संबंध में रणधीर सिंह धीरू, विनोद बंसल, सुंदर गोयल सहित स्थानीय निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा है।

### पीएम को पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

**हिसार।** आदमपुर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं व्यवसायी राजकुमार जांगड़ा पर जानलेवा हमले के मामले में सिरसा पुलिस की एकतरफा कार्रवाई का मामला विधायक, मंत्री व मुख्यमंत्री दरबार से होता हुआ देश के पीएम तक पहुंच गया है। हालांकि घटनाक्रम के दो माह बाद सीएम नायब सैनी के हस्तक्षेप से सिरसा पुलिस मामले की लिपापोती करती जरूर नजर आई, पर अपने उपर आरोपियों से मिलीभगत की बढ़ती आंच को कम नहीं कर पाई है। जानलेवा हमले के बावजूद पुलिस की कथित एकतरफा कार्रवाई से जेल पहुंचे राजकुमार जांगड़ा की विधवा मां शांति देवी ने अपने बेटे को न्याय दिलवाने के लिए पीएम दरबार में न्याय की गुहार लगा भेजी है।

### चन्द्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर क्रांतिमान पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रकल्प प्रमुख अशोक शर्मा ने बताया कि शहीद चन्द्रशेखर आजाद एक ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने देश की गुलामी के बाद भी खुद को आजाद घोषित किया था और अपने नाम के आगे आजाद लगाते थे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अमर गोयल, नरेश बंसल एडवोकेट, शाखा सचिव, जिलाध्यक्ष ऋषि बुड़ाकिया, प्रकल्प प्रमुख अशोक शर्मा, सीताराम मंगल, जगमोहन जिंदल, सुमित मित्तल व प्रदीप गर्ग सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### महिला कॉलेज में योग कार्यशाला संपन्न

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के सरस्वती छात्रावास में दो दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। योग सत्र में आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक रैना ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। कार्यशाला में लचीलापन बढ़ाने, एकाग्रता में सुधार, तनाव प्रबंधन तथा समग्र स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने इस पहल की सराहना की। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।



हिसार। नारनौंद : कोर्ट परिसर में अधिकारियों और वकीलों से बातचीत करती हुई न्यायाधीश अलका सरीन।



हांसी। कोर्ट परिसर पहुंचने पर न्यायधीश का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते स्कूली बच्चे।

# न्यायमूर्ति अलका सरीन ने हिसार, हांसी व नारनौंद न्यायालय में देखीं व्यवस्थाएं

## हिसार में मल्टीलेवल पार्किंग व नए चैंबरों के अतिरिक्त फ्लोर की मंजूरी के लिए बार सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस अलका सरीन ने हिसार न्यायालय परिसर का दौरा किया और न्यायिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर न्यायालय की कार्यप्रणाली, आधारभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। हिसार बार की ओर से बार के सचिव समीर भाटिया ने न्यायमूर्ति का स्वागत किया।

बार के प्रधान संदीप बूरा ने बार की प्रमुख मांगें उनके समक्ष रखीं। इनमें मुख्य रूप से राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग हरियाणा, राष्ट्रीय कंपनी क़ानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) और हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (आरईआरए) की रीजनल बेंच हिसार में स्थापित करने की मांग शामिल रही। इसके अतिरिक्त मल्टीलेवल पार्किंग प्रोजेक्ट को शीघ्र स्वीकृति, 85 नए अधिवक्ता चैंबरों को मंजूरी, बार रूम के विस्तार व उन्नयन तथा पुलिस चौकी में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती संबंधी मांगें भी प्रमुख रूप से रखी गईं। हिसार बार के अन्य अधिवक्ताओं ने भी बार रूम में आयोजित कार्यक्रम में न्यायालय एवं न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न सुझाव न्यायमूर्ति अलका शरीन के समक्ष रखे, जिन पर न्यायमूर्ति ने सकारात्मक विचार कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हिसार बार के पदाधिकारीगण प्रधान संदीप बूरा, सचिव समीर भाटिया, उपप्रधान विकास पूनिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।




हिसार। न्यायमूर्ति अलका सरीन का स्वागत करते बार पदाधिकारी।

### नारनौंद में वकीलों के शेड को बढ़ाया जाएगा

**नारनौंद।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अलका सरीन ने शुक्रवार को नारनौंद कोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक, एसीजेएम पीयूष गक्खड़, एसडीएम विकास यादव सहित न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। न्यायमूर्ति अलका सरीन ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कोर्ट प्रक्रिया, मालखाना सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उसके बाद न्यायालय परिसर में उन्होंने पौधारोपण करके संदेश देते हुए कहा कि पौधे लगाकर हमें उनका ध्यान भी रखना चाहिए। बार एसोसिएशन द्वारा न्यायाधीश अलका सरीन का स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ओर सचिव सुनील पनिहार ने बार के सभी वकीलों की ओर से न्यायमूर्ति अलका सरीन को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस दौरान उन्होंने शेड बनवाने, वकीलों चैंबर बनाने के लिए जगह, सहित एक और नई कोर्ट बनने की मांग रखी। न्यायमूर्ति अलका सरीन ने बार एसोसिएशन द्वारा राखी मांगों पर कहा कि इनको पूरा करवाया जाएगा। बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ने बताया कि हमारी तरफ से मुख्य मांग नए चैंबर बनाने के लिए रखी गई थी। उसके लिए बिजली बोर्ड के पास जो जमीन हैं। उसका प्रस्ताव रखा है। उसकी फाइल तैयार करवाकर भेजी जाएगी।

### सीजेआई सूर्यकांत की माता शशि देवी की स्मृति में बने लिटिगंट हॉल का उद्घाटन

**हांसी ।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अलका सरीन ने शुक्रवार को हांसी का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उनके साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक तथा कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कोर्ट रूम में फाइलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायमूर्ति ने कोर्ट में दर्ज केसों के सिलसिले में आए लोगों से भी बातचीत की। न्यायमूर्ति अलका सरीन ने कोर्ट परिसर में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की माता शशि देवी के नाम से बनाए गए लिटिगंट हॉल तथा महिला वकीलों के लिए बनाए गए कॉमन हॉल का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व न्यायमूर्ति अलका सरीन का हांसी पहुंचने पर बार एसोसिएशन हांसी द्वारा कोर्ट परिसर में स्थित सभागार में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने बार के सभी वकीलों की ओर से अलका सरीन को पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर डीसी राहुल नरवाल ने जस्टिस अलका सरीन का जिला में आगमन पर बुक्का भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन तथा एसडीएम राजेश खोथ ने भी न्यायाधीश का स्वागत किया। वहीं स्कूली बच्चों ने न्यायाधीश अलका सरीन को तिलक लगाया। न्यायाधीश ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर सब डिविजनल मजिस्ट्रेट आशुतोष, न्यायाधीश अनुराधा,जेएमआईसी नवनूर कौर, जेएमआईसी तरुण चौधरी, जेएमआईसी खुश करन जोत सिंह गिल, न्यायाधीश पीयूष गखड़ ,एसडीएम विकास यादव, बार एसोसिएशन के उप प्रधान गौरव सैनी, सचिव सुरेश सोनी, सह सचिव अमित कोहाड़, कोषाध्यक्ष सुनील सैनी सहित कई न्यायिक तथा प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'तेरा किसने किया सिंगार सांवरे' भजन पर झूमे श्रद्धालु, लगे बाबा के जयकारे

- बाबा का भव्य एवं अलौकिक शृंगार के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। श्री श्याम बाबा का भव्य एवं अलौकिक शृंगार के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु।

सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में चल रहे चार दिवसीय रंग-रंगीला, रस-रसीला फाल्गुन मेले के तीसरे दिन फागुन एकादशी के पावन अवसर पर बाबा का भव्य एवं अलौकिक शृंगार किया गया। फाल्गुन एकादशी का श्याम भक्तों के लिए विशेष महत्व है, जिसे वे एक उत्सव के रूप में मनाते हैं। परंपरा अनुसार एकादशी पर अन्न का भोग नहीं लगाया जाता। इस अवसर पर भक्तों द्वारा बाबा को फलों की 51 सवामणी का भोग अर्पित किया गया। साथ ही छप्पन भोग, पेड़ा एवं ड्राई फ्रूट की सवामणि भी अर्पित की गई। अल सुबह से ही शृंगार दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष रूप से बेंगलुरु से मंगाए गए गुलाब, डेजी, सफेद/ जामनी/ पीली गुलदाऊदी एवं पनीर पत्तों से बनी आकर्षक मालाओं से बाबा का मनोहारी शृंगार किया गया। संध्या दर्शन में गुलाल का हार अर्पित किया गया।

साथ ही भोले बाबा का भी विशेष शृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में स्थापित श्याम प्रभु एवं अन्य दरबारों को भी भव्य फूलमालाओं से सजाया गया। दोपहर बाद आयोजित भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना से की गई।





हिसार। गीता भवन में प्रवचन देते परमहंस गंगेनंदन महाराज व उपस्थित श्रद्धालु।

### शिष्य का जीवन बदल देता है सच्चा गुरु : गंगेनंदन

**हिसार।** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम् परिवार के तत्वाधान में गीता भवन मंदिर, रामपुरा मौहल्ला में चल रहे ब्रह्म ज्ञान सत्संग के दूसरे दिन प्रवचन देते हुए कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने कहा कि गुरु कौन है, गुरु की क्या पहचान है तथा गुरु क्या कर सकता है। गुरु शिष्य की चेतन को अपने विवेक से उठा सकता है। शिष्य साथ रहकर गुरु के चेतन को पढ़कर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ शर्त यह है कि शिष्य की श्रद्धा और विश्वास पक्का होना चाहिए। गुरु शिष्य का जीवन को बदल देता है। सच्चा गुरु बड़े भाग्य से मिलता है। पूर्ण गुरु वही होता है, जो शिष्य को अपने संग से बदल सकता है तथा श्रद्धा और विश्वास के साथ गुरु के साथ रहकर हम भी पूर्ण हो सकते हैं। उन्होंने शास्त्रों से जुड़े अनेक प्रकार के उदाहरण देते हुए कहा कि सच्चा संत ईश्वर का ही दूसरा रूप है, संत ही अपने शिष्यों का सही मार्गदर्शन कर सकता है।

# डाटा की शुद्धता व अपलोडिंग पर विस्तार से प्रकाश डाला



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

- गुजवि में ऐशे डेटा क्वालिटी एवं अनुपालन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एआईएसएचई (ऐशे) डाटा क्वालिटी एवं अनुपालन (कंपलाएंस) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति के तकनीकी सलाहकार (प्रशासनिक) प्रो. विनोद छोकर मुख्यातिथि के रूप में जबकि उच्चतर शिक्षा निदेशालय उपनिदेशक एवं ऐशे इकाई, हरियाणा की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. वीना रानी विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता रही। इसके अतिरिक्त, उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकूला के शोध अधिकारी अशोक कुमार भी इसमें उपस्थित रहे। अध्यक्षता कार्यशाला के समन्वयक व ऐशे के निदेशक मुकेश अरोड़ा ने की। मुख्य अतिथि प्रो. विनोद छोकर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन से प्रतिभागियों के कौशल में विकास होता है तथा वे ऐशे पोर्टल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. वीना रानी ने ऐशे पोर्टल पर डाटा की शुद्धता और समयबद्ध अपलोडिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला समन्वयक मुकेश अरोड़ा ने अपने स्वागत संबोधन में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों तथा सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के नोडल अधिकारियों का स्वागत किया।

# प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर परियोजनाएं तैयार करें : डॉ. मनोज कुमार

- लुवास में 38वें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र का प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के साथ प्रतिभागी व अधिकारी।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि (लुवास) के पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में चल रहा 38वां भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र का 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस 21 दिवसीय पाठ्यक्रम के दौरान देश के सात राज्यों से आए 16 वैज्ञानिकों को 'पशु रोगों के निदान और नियंत्रण में नवीन प्रगति' विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार रोज़ ने सूक्ष्म जीव विज्ञान एवं प्रतिरक्षा विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान उन्नयन के लिए विभाग की सराहना की तथा प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएं तैयार करें। विभागाध्यक्ष एवं पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. अखिल कुमार गुप्ता एवं डॉ. महावीर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया गया।

# जन कल्याण योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य : सोनू डाटा

**नारनौंद।** हलके के बास मंडल अंतर्गत गांव बास बादशापुर में विकसित भारत गारंटी फ़ॉर रोज़गार आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के प्रयास सरकार कर रही हैं ताकि हर



नागरिक तक लाभकारी योजनाएं पहुंच सके। वह उनका उचित लाभ उठा सके इसके लिए पूरा रोड मैप तैयार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और दूसरों तक भी जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां लोगों को गुमराह कर रही हैं। सरकार जो योजनाएं लागू कर रही है वह जनता के हितों में नहीं है लेकिन असल में इन योजनाओं के तहत उन सभी लोगों को इनका फायदा पहुंचेगा।

**ग्राम पंचायत जुगलान**
खण्ड बरवाला, जिला हिसार (हरियाणा)
**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जुगलान में कंडम धानक चौपाल व मलबे की खुली बोली 06-03-2026 को सुबह 10 बजे मेन चौपाल नजदीक सरपंच निवास में करवाई जाए। बोलीदाता को पचास हजार रूपये सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत करेगी।
**श्रीमती आरती देवी, सरपंच**
ग्राम पंचायत जुगलान, खण्ड बरवाला जिला हिसार (हरियाणा) मो.- 72069-07385, 98139-47950

## न्यूज डायरी




### फाल्गुनी एकादशी पर निकाली निशान यात्रा

**हांसी।** श्री श्याम सांवरा ग्रुप द्वारा फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को 7वीं भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में 1500 निशानों के साथ व 2 चांदी के निशानों के पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर शहर के प्रमुख बाजारों होते हुए श्री श्याम मन्दिर में सम्पन्न हुई। निशान यात्रा के प्रति भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला और महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया और श्री श्याम के भजनों से सारा शहर गुंजायमान हो गया। निशान यात्रा के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हांसी ने मिनी खाटू धाम का रूप धारण कर लिया है।



### विद्यार्थियों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण आयोजित

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय, मंगाली में भूगोल विभाग द्वारा ग्राम मिरकां में स्नातक छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. विजेता नेहरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सर्वेक्षण से पूर्व प्राचार्य प्रो. अंजु चौधरी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए क्षेत्रीय अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने प्रश्नावली के माध्यम से ग्राम की सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।



### आरपीएस कैडेट्स का ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण

**हांसी।** आरपीएस सैनिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने शैक्षणिक एवं पाठ्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत महम स्थित ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थल शाहजहां की बावड़ी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ते हुए उनके ज्ञान को व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से समृद्ध करना था। भ्रमण के दौरान कैडेट्स ने प्राचीन संरचनाओं, ऐतिहासिक अवशेषों एवं क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### होली चाइल्ड के दो छात्रों को जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं (नॉन-मेडिकल) के दो होनहार विद्यार्थियों हार्दिक और सत्यम ने जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र हार्दिक ने 97.58 परसेंटाइल तथा सत्यम ने इक्यानवे परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन और समर्पण का परिचय दिया है। जेईई मेन्स देश की प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में से एक है, जिसमें सफलता प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी कठिन मेहनत, अनुशासन और दृढ़ निश्चय का फल है। विद्यालय की प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी है।



### साहिल ने 98.59 पर्सेंटाइल हासिल कर पाई उपलब्धि

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग-एआई एवं एमएल, छठे सेमेस्टर के विद्यार्थी साहिल ने देश की प्रतिष्ठित प्रबंधन प्रवेश परीक्षा कॉमन एडमिशन टेस्ट (सीएटी)-2025 में 98.59 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह परीक्षा भारतीय प्रबंध संस्थानों (आईआईएमएस) द्वारा आयोजित की जाती है और देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थी साहिल को बधाई दी है। विभागाध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने कहा कि साहिल की यह सफलता उनके दृढ़ निश्चय और अथक प्रयासों का परिणाम है। विशेष रूप से, साहिल ने क्वांटिटेटिव एबिलिटी खंड में 99.79 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक क्षमता का परिचय दिया है।



### चंद्रशेखर आजाद को याद कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**हिसार।** गांव किरतान में शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहीदी दिवस कार्यक्रम किया गया। मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान सहयोग से चंद्रशेखर पार्क में हुए आयोजन में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद महान क्रांतिकारी थे। देश की आजादी में उनका बहुमूल्य योगदान रहा। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर फते सिंह, मुकेश कुमारी, मनवीर बुगालिया, दलवीर सिंह धायल, प्रोमिल, कुनाल आर्य, भावना, प्रतीक्षा, हितांशी, निशा, जिज्ञासु, हर्षिता, वान्या, नैतिक, नरेंद्र, मोनू, सचिन, नवीन, पारस आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## केजरीवाल डिस्चार्ज, न्याय की जीतः सुभाष कुंडू



**हिसार।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित अन्य 21 आरोपियों को पूरी तरह से डिस्चार्ज कर दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की चार्जशीट को खारिज करते हुए कहा कि इसमें कोई ठोस सबूत नहीं हैं और न ही किसी आपराधिक साजिश या इरादे का प्रमाण मिलता है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष कुंडू ने कहा कि न्याय की जीत हुई है। यह फैसला साबित करता है कि पूरा केस राजनीतिक साजिश से प्रेरित था, जिसका उद्देश्य आम आदमी पार्टी को कमजोर करना और उसके नेताओं को बदनाम करना था।

## पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के आवेदन की तिथि बढ़े

**हिसार।** आरटीआई एक्टिविस्ट नरेश गुणपाल ने राज्य सरकार एवं उच्चतर शिक्षा विभाग से मांग की है कि नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि गुजवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दूरवर्ती शिक्षा के रजिस्ट्रेशन की तिथि लेट फीस के साथ 30 मार्च है, लेकिन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए अंतिम तिथि 28 फरवरी है। दूरवर्ती शिक्षा से लेट फीस के साथ दाखिला लेने वाले अजा के पात्र आवेदन से वंचित रह जाएंगे।

## 'मानसिक स्वास्थ्य' पर पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम

**उकलाना मंडी।** राजकीय महाविद्यालयमें मनोविज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों का मानसिक तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता बताने के लिए रचनात्मक पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. इन्दु ने मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके घरेलू समस्याएं, व्यक्तिगत समस्याएं, शैक्षणिक संस्थान संबंधी समस्याएं जानकर उनका निवारण सुझाया।

## सेक्टर 14 के सुभाष पार्क में तिलक होली मनाई

**हिसार।** होली के पावन अवसर पर अणुव्रत समिति की ओर से समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली फेस्टिवल के अंतर्गत सेक्टर-14 के सुभाष पार्क में होली के अवसर पर तिलक लगा कर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर हांसी के एसडीएम राजेश खोथ मुख्य अतिथि थे।

## जिला सहकारिता विकास समिति ने की बैठक

**हिसार।** जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित सहकारिता कार्यक्रमों एवं सहकारी समितियों की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, सीटीएम हरिराम, डीएफएसओ अमित शेखावत, डीडीए डॉ राजबीर सिंह, सहायक रजिस्ट्रार अरविंद हुड्डा, हैफेड डीएम अनुराग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मिष्ठान भंडार के मालिक से दिनदहाड़े रंगदारी मांगने से दहशत

# हांसी में गुस्साए व्यापारियों ने दिया धरना, आंदोलन की भी दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

- पर्ची में लिखा: लाला, एक ही दिन का टाइम है।
- पुलिस टीमों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों को दबोचा

पुरानी सब्जी मंडी के सामने स्थित 'छोटू स्वीट्स' सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि शहर की पहचान है। चार दशक से अधिक समय से यह परिवार मिठास का कारोबार कर रहा है। त्योहारों, शादियों और सामाजिक आयोजनों में यहां की मिठाई खास मानी जाती है। लेकिन दिनदहाड़े 50 लाख रुपये की रंगदारी की पर्ची ने न केवल दुकान संचालक बल्कि पूरे बाजार को हिला दिया।

व्यापारी बताते हैं कि इतने वर्षों में कभी इस तरह की घटना नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शहर के व्यस्ततम बाजार और पुलिस चौकी के नजदीक ऐसी वारदात हो सकती है तो छोटे दुकानदार खुद को कैसे सुरक्षित मानें? गौरतलब है कि सब्जी मंडी के समीप व्यस्तम बाजार में स्थित छोटू स्वीट्स को पर्ची पकड़ाकर दुकान के मालिक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। छोटू स्वीट्स के मालिक हन्नी उर्फ हिमांशु सपड़ा ने पर्ची पढ़ने के बाद उसने डायल 112 और शहर थाना पुलिस में फोन कर मामले की सूचना पुलिस मार्केट व मार्केट प्रधान को दी।



हांसी। मिष्ठान भंडार संचालक से पूछताछ करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह।

### प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौलः गर्ग

हरियाणा प्रदेश के व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने हांसी के प्रमुख व्यापारी सुरेंद्र सपड़ा छोटू स्वीट्स भंडार के मालिक के यहां पर अपराधियों द्वारा 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने से प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल है। बजरंग गर्ग ने पीड़ित व्यापारी से टेलीफोन पर बातचीत की। गर्ग ने कहा कि हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा जगह-जगह फिरौती, हत्या व लूटपाट की वारदातें की जा रही है।

### पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शुरू की पूछताछ

सूचना मिलने पर डीएसपी रविन्द्र सांगवान, डीएसपी विनोद शंकर तथा शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रंगदारी मांगने संबंधी पर्ची फेंकने की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए। इसी के चलते सीआईए नारनौंद की टीम ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों की पहचान कर दो घंटे के अन्दर अनुराग व हिमांशु नामक दोनों युवकों को काबू कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा मामले में आगामी पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

छोटू स्वीट्स के मालिक हन्नी सपड़ा से रंगदारी मांगने की सूचना बाजार में आग की तरह फैल गई जिसके बाद विधायक विनोद भयाना के बेटे साहिल भयाना, सर्व व्यापार मंडल हांसी प्रधान बजरंग बंसल, हांसी व्यापार मंडल के प्रधान प्रवीण तायल सहित विभिन्न मार्केट के प्रधान व काफी संख्या में आसपास के दुकानदार व पुलिस मौके पर पहुंचे। उधर, सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी मौके पर पहुंच गए। हांसी व्यापार मंडल प्रधान प्रवीण तायल ने कहा कि हांसी के सबसे व्यस्त बाजार और पुलिस से करीब 30 मीटर दूर पर की गई यह वारदात हांसी जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वारदात से व्यापारियों डरे हुए है। और उनमें गुस्सा भी है। यदि जल्दी ही मामले में कार्रवाई नहीं हुई है तो व्यापारी धरना देगा, जरूरत पड़ी तो बाजार बंद भी करवाया जाएगा।

उन्होंने मिष्ठान भंडार संचालक से फिरौती मांगने की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस से दोनों आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करते हुए दुकान के बाहर धरना लगाया।

**न्यूज ब्रीफ**

## अवैध कॉलोनी की कच्ची सड़कों पर चलाई जेसीबी



**हांसी।** जिला योजनाकार विभाग द्वारा हांसी शहर में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों के खिलाफ अभियान जारी है। विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को ढाणी राजू रोड पर एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। और यहां अवैध रूप से पांच एकड़ क्षेत्र में काटी जा रही कालोनी में बनाई जा रही कच्ची सड़कों को उखाड़ दिया। योजनाकार विभाग की यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सत्यवान (सहायक निबंधक सहकारी समिति) की निगरानी में हुई। इस दौरान जिला नगर योजनाकार विभाग (डीटीपी) अधिकारी दिनेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी सपना और प्रवर्तन पुलिस की टीम मौके पर मौजूद थी। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की मदद से कॉलोनी में अवैध रूप से बनाई गई कच्ची सड़कों और प्लॉटिंग नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, यह कॉलोनी बिना वैध स्वीकृति के विकसित की जा रही थी, जो शहरी नियोजन नियमों का उल्लंघन है।



## प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया जागरूक

**नारनौंद।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सर्वजातीय गणतांत्रिक परिवार बारहा खाप की तरफ से जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। जिसकी शुरुआत गांव कोथ कलां, ढांडाखेड़ी, संगतपुरा से की गई। सर्वजातीय गणतांत्रिक परिवार बारहा खाप के संयोजक मास्टर चंद्र प्रकाश ने बताया कि आज किसान खेतों में खाद और दवाई का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। इसलिए हम सबको जागरूक होकर प्राकृतिक खेती की तरफ रुझान करना होगा। सभी को प्राकृतिक खेती की तकनीक अपनानी होगी। इसलिए गांव गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। समाज में अनेक सामाजिक बुराइयां फैली हुई है। हम सबको एकजुट होकर इनको मिटाना होगा। इस जन जागरण अभियान के साथ काफी लोग जुड़ रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत गांव कोथ कलां, ढांडाखेड़ी, संगतपुरा से की गई हैं। जल्द खाप के अंतर्गत आने वाले गांव में भी जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इस अवसर पर प्रधान संदीप भारती, राजेश गिल, ओम प्रकाश ढांडा, राजेंद्र, राजमल,सतबीर, पूर्व सरपंच ओम,रामनिवास नंबरदार, राजेश संधू, सूरत, जोरा सिंह, कृष्ण आदि मौजूद थे।



## पोस्टर प्रतियोगिता में तमन्ना रही प्रथम

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की फैकल्टी ऑफ़ फिजिकल एंड लाइफ साइंसेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं। डीएन कॉलेज हिसार के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने मुख्य अतिथि का विधिवत स्वागत तथा परिचय प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में गुरु गोरखनाथ जी गवर्नमेंट कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 11 संस्थानों की टीमों ने प्रतिभागिता की। पोस्टर प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ़ फिशरी साइंस, हकृवि की छात्रा तमन्ना ने पहला स्थान, ओएसजीयू की आंचल ने दूसरा व गवर्नमेंट वुमन कॉलेज की इशिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली में एफजीएम गवर्नमेंट कॉलेज आदमपुर की टीम ने पहला, सीआरएम जाट कॉलेज की टीम ने दूसरा, गवर्नमेंट वुमन कॉलेज हिसार की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में गुरु गोरखनाथ जी गवर्नमेंट कॉलेज हिसार की टीम ने पहला, कॉलेज ऑफ़ फिशरी साइंस हकृवि की टीम ने दूसरा व एफजीएम गवर्नमेंट कॉलेज आदमपुर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की गणित विभाग की प्राध्यापिका डॉ मोनिका ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ सुरेश कुमार ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। संयोजक डॉ मीना कुमारी तथा कोऑर्डिनेटर डॉ सुनील कुमार ने दोनों सत्र में धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. राकेश शर्मा एवं डॉ. मोनिका ने आयोजन सचिव की भूमिका निभाई।

## अंडरपास कमेटी धरना स्थल पर मनाएगी होली

**उकलाना।** अंडरपास की मांग को लेकर जारी धरना शनिवार को 43वें दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसी क्रम में धरना कमेटी ने 3 मार्च को धरना स्थल पर ही होली पर्व मनाने का निर्णय लिया है। धरना कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 3 मार्च को प्रातःकाल से कार्यक्रम प्रारंभ होगा और सायं तक धरने पर पहुंचने वाले सभी सहयोगियों एवं नगरवासियों के साथ होली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक अंडरपास की मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा और इसी कड़ी में इस बार होली भी धरना स्थल पर ही मनाई जाएगी। कमेटी ने यह भी निर्णय लिया है कि 4 मार्च को फाग के दिन धरना नहीं लगाया जाएगा, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित न हो।

## डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**हिसार।** जिले में संचालित हो रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं को निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं नकल मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने पटेल नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छाजू राम जाट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा गांव गंगवा स्थित पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा इंतजाम, प्रश्न पत्र वितरण प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था तथा ड्यूटी पर तैनात स्टाफ की उपस्थिति की गहन समीक्षा की।

## ब्राह्मण धर्मशाला में सम्मान समारोह आज

**हिसार।** जिला ब्राह्मण सभा की ओर से 28 फरवरी को जहाज पुल स्थित जिला ब्राह्मण धर्मशाला एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में समाज की विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान रतनलाल शर्मा ने बताया कि सभा की समस्त कार्यकारिणी इस आयोजन को सफल बनाने में लगी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्यमी एमपी शर्मा (मै. अनिल कार्गो प्रा. लि., नई दिल्ली) करेंगे जबकि प्रबुद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय कौशिक मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स अति विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा हांसी नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन सुमन शर्मा, समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय शाण्डिल्य, समाजसेवी ऋषिकांत शर्मा, पेटवाड़, विष्णु शर्मा उगालन इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे।

# 100 मीटर रेस में मनोज व लक्ष्मी प्रथम

- छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, लक्ष्मी व प्रदीप ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

**हिसार।** छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय की 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि जाट शिक्षण संस्थानों के प्रधान दिलदार पूनिया रहे। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) पूर्णिमा लोहान ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया। प्रधान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में लक्ष्मी व प्रदीप को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। इस मौके पर दिलदार पूनिया ने खेलों के प्रति छात्रों के रुझान की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य रणधीर सिंह मलिक, पूर्व प्राध्यापक जेसी नूनिया, गुलाब सिंह, कुलदीप नयन, प्रदीप लांबा व सुनील सिवाच बुडाना, आयोजन सचिव प्रेमसुख आदि उपस्थित रहे।



हिसार। खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

**यह रहे परिणाम**

प्रतियोगिता में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में मनोज प्रथम, प्रदीप द्वितीय व कपिल तृतीय, महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्रथम, सोनिका द्वितीय व करिश्मा तृतीय, महिलाओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में करिश्मा प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय और सर्वेश तृतीय, पुरुषों की गोला फेंक में प्रदीप प्रथम, सावन द्वितीय व कपिल तृतीय स्थान पर रहा। पुरुषों की ऊंची कूद में प्रदीप प्रथम, मनोज द्वितीय व आशीष तृतीय तथा महिलाओं की ऊंची कूद (महिला) सुषमा प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय व राधा तृतीय तथा पुरुषों की भाला फेंक में मनदीप प्रथम, विकास द्वितीय व सावन तृतीय और महिलाओं भाला फेंक में लक्ष्मी प्रथम, जरीना द्वितीय व प्रमिला तृतीय स्थान पर रही।

# डीएचबीवीएन के एमडी से पेंशनर्स ने की अपनी समस्याओं पर चर्चा

- एमडी ने अधिकारियों को पेंशनर्स की सारी समस्याएं समय पर हल करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान श्याम करण गर्ग के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने एमडी के समक्ष अपनी मांगे रखी। बैठक में मैनेजमेंट की तरफ से चीफ इंजीनियर प्रशासन, चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अंडर सैक्रेटरी, प्रशासन अंडर सेक्रेटरी तथा आईटी एक्सईएन शामिल हुए। संगठन की ओर से महासचिव धर्म सिंह भारद्वाज, अतिरिक्त महासचिव चमन लाल शर्मा, उपमहासचिव शशिकांत, मुख्य संगठन कर्ता वीर सिंह, प्रादेशिक प्रेस सचिव विनोद बिहारी शर्मा, सचिव बीआर आहूजा, वित्त सचिव जगदीश राय, सलाहकार सुभाष जैन तथा संरक्षक बलवंत सिंह बूरा उपस्थित थे। सभी मांगों को सुनकर एमडी ने सभी उच्च अधिकारियों को पेंशनर्स की सारी समस्याएं हल करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी कार्य समय पर होने चाहिए। इस पर संगठन ने एमडी का धन्यवाद किया।

## डीएचबीवीएन में सामग्री वापसी व ऑडिट निपटान के निर्देश जारी

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर एवं अन्य सामग्री को अधिकतम एक माह के भीतर संबंधित स्टोर में अनिवार्य रूप से जमा कराया जाए। निर्धारित समय सीमा में सामग्री जमा न कराने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्त अथवा स्थानांतरित हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र (नो ड्यूज सर्टिफिकेट–एनडीसी) जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रशासनिक प्रक्रियाएं लंबित न रहें और कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। प्रबंध निदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित ऑडिट पैरा का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित शाखाओं को निर्देशित किया गया है कि ऑडिट आपत्तियों के समाधान में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य कार्यप्रणाली में सुधार लाना, जवाबदेही को सुदृढ़ करना तथा निगम में वित्तीय अनुशासन को और अधिक प्रभावी बनाना है।

# सरकार पर कर्मचारी विरोधी फैसले लेने का आरोप



**हिसार।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के निर्णय अनुसार हरियाणा एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन जिला कमेटी ने मांगो बारे जिला कोषाध्यक्ष गौरव कम्बोज के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के निदेशक के नाम जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसोसिएशन के राज्य महासचिव हितेंद्र सिहाग, जिला से देवेंद्र शर्मा व अजय छाबड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। सिहाग ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार तुगलकी फरमान जारी कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पेपरलेस लैस ऑफसिज, स्टाफिंग पॉलिसी व रेशनेलाइजेशन के नाम पर पदों को समाप्त कर रोजगार के अवसर समाप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए करते हुए कहा कि मांगों व समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, अन्यथा कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा।

## जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक चुनौती बनाः प्रो. काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डेसीफरिंग दी पोटेंशियल ऑफ क्लाइमेट रेजिलिएंट फंक्शनल क्रॉप फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड एग्रो-इंडस्ट्रीज (डीपीसीएफसी-एसएएआई-2026)' विषय पर स्पार्क परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने समापन अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक चुनौती बना हुआ है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और कीट-रोग समस्याएं कृषि व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में जलवायु-सहनशील फसल किस्मों का विकास अनिवार्य हो गया है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिर उत्पादन दे सके। उन्होंने कहा की मोटा अनाज, दलहन एवं पोषक तत्वों से भरपूर फसलें न केवल पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हैं। इन फसलों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन कृषि आधारित उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत बीज विकास तथा वैज्ञानिक अनुसंधान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## राजकीय महाविद्यालय में विक्रय प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्टार्टअप के लिए विक्रय प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में आशीष कुमार, पंकज कुमार व डॉ राहुल उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को सेल्स रणनीति, लीड जनरेशन, ग्राहक संबंध प्रबंधन तथा डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं व आधुनिक विज्ञापन के तरीके के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और नए स्टार्ट अप विचार विद्यार्थियों को बताएं तथा अपने अनुभव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## जलभराव संभावित क्षेत्रों में नगर निगम की टीम ने चलाया विशेष सफाई का अभियान

मानसून सीजन से पहले तैयारी

# इंडस्ट्रियल एरिया में साफ करवाए नाले

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मानसून सीजन में नगर निगम की विभिन्न वार्डों में जलभराव की समस्या को देखते निगम प्रशासन अभी से एक्टिव मोड में आ गया है। निगम ने जलभराव से प्रभावित होने वाले इलाकों को पहले ही चिह्नित कर लिया है और अब जनस्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बरसाती नालों में जमा गाद को निकलवाना शुरू कर दिया है। इसके साथ जिन एरिया में सीवरेज ब्लोकेज की भी समस्या के कारण जलभराव हुआ था, उन लाइनों की भी सफाई करवाई जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर निगम की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में सफाई और जल निकासी से जुड़े कार्य करवाए जा रहे हैं। सड़कों पर पानी भरने की स्थिति से बचाव के लिए इंडस्ट्रियल एरिया में बने नालों की सफाई करवाई गई है। निगम की टीमों ने नालों में जमा गाद, प्लास्टिक व अन्य कचरे को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाया, ताकि पानी की निकासी में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसी कड़ी में मिलगेट एरिया, राठी कॉलोनी की गलियों, मॉडल टाउन एक्सटेंशन तथा मॉल कॉलोनी के 33 फुटा रोड सहित अन्य क्षेत्र में जनस्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सीवरेज लाइनों और नालों की सफाई का कार्य किया गया। जहां-जहां सीवरेज जाम या अवरुद्ध हैं, वहां मशीनों और कर्मचारियों की सहायता से तुरंत समाधान सुनिश्चित किया गया।



नालों की सफाई करते कर्मचारी।

### जनस्वास्थ्य विभाग को भेजा बीटी बिल

**हिसार।** शहर में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा हाल ही में इंडस्ट्रियल एरिया से जिंदल मॉडर्न स्कूल तक मुख्य सड़क का निर्माण करवाया गया था। सड़क के निर्माण से क्षेत्र के उद्योगों, विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिली है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के कुछ समय बाद जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया से जिंदल मॉडर्न स्कूल तक सीवरेज लाइन को व्यवस्थित करने का कार्य शुरू किया गया। नई पाइपलाइन डालने और सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सड़क को उखाड़ना पड़ा। निगम ने क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण कर सड़क दोबारा बनाने में आने वाली लागत का विस्तृत एस्टीमेट तैयार किया और बीटी बिल जनस्वास्थ्य विभाग को भेजा दिया गया। विभागीय औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नगर निगम संबंधित स्थल पर दोबारा सड़क निर्माण का कार्य करवाएगा। निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में विकास कार्यों के दौरान विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना प्राथमिकता है।

## कैंटर की टक्कर से कार एसी रोडवेज बस में टकराई, दो महिलाएं घायल

**नारनौंद।** बास थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हिसार-दिल्ली नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में दो महिलाएं घायल हो गईं। यह घटना गांव गढ़ी बस स्टेंड के पास मेहंदा गांव के कट पर हुई, जहां तीन वाहन आपस में टकरा गए। पुलिस के अनुसार एक तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से ब्रेजा कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान हिसार की ओर से आ रही एक एसी रोडवेज बस भी कार से टकरा गई। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ब्रेजा कार सामान्य गति से हाईवे पर चल रही थी। कैंटर की टक्कर से कार असंतुलित हो गई, जिसे बचाने की कोशिश में सिरसा से दिल्ली जा रही रोडवेज बस भी उससे टकरा गई। हादसे में कार में सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही सोरखी पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिलाओं को तुरंत हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर यातायात को सुचारु करवाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा कैंटर चालक की लापरवाही के कारण हुआ। बास पुलिस ने टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।